पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय
कार्मिक शाखा, जबलपुर

पत्र क्र. पमरे/जबल/का/209/15/ट्रे.रनिंग/15% LDCE कोटा/गुड्स.गार्ड दि. 21.12.2021

## अधिसूचना

सर्व संबंधित
स्टेशन प्रबंधक /उप स्टेशन प्रबंधक ,मुख्य गार्ड मास्टर, यातायात निरीक्षक,मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, जबलपुर मंडल

विषय :– 15% एल.डी.सी.ई कोटे के अंतर्गत गुडस गार्ड वे.मान 5200–20200+ 2800 जीपी (लेवल–5) के रिक्त पदों को भरने हेतु अधिसूचना।

ट्रेफिक रनिंग विभाग में 15% LDCE कोटे के अंतर्गत गुडस गार्ड वे.मान 5200–20200+2800 जीपी (लेवल–5) के कुल 33 (सामान्य 22 अजा 06 अजजा 05) रिक्त पदों को भरने हेतु यातायात/वाणिज्य विभाग की निम्न केटेगरी मे कार्यरत कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र | पद/केटेगरी | वेतनमान |
|---|---|---|
| 1 | Booking / Parcel Clerk | 5200-20200 + GP 2000 |
| 2 | Ticket Collector | 5200-20200 + GP 2000 |
| 3 | Announcer | 5200-20200 + GP 1900 |
| 4 | Courier Clerk | 5200-20200 + GP 1800 |
| 5 | HP Muccadam | 5200-20200 + GP 1800 |
| 6 | WRA | 5200-20200 + GP 1800 |
| 7 | Scale Porter | 5200-20200 + GP 1800 |
| 8 | Parcel porter | 5200-20200 + GP 1800 |
| 9 | Safai Wala | 5200-20200 + GP 1800 |
| 10 | Switch Man | 5200-20200 + GP 2400 |
| 11 | Shunting Master II | 5200-20200 + GP 2400 |
| 12 | Cabin Man | 5200-20200 + GP 2400 |
| 12 | SR.TNC | 5200-20200 + GP 2400 |
| 13 | JR.TNC. | 5200-20200 + GP 1900 |
| 14 | Pointsman 'A' | 5200-20200 + GP 1900 |
| 15 | Pointsman 'B' | 5200-20200 + GP 1800 |

**आवश्यक योग्यतायें :–**

1. शैक्षणिक योग्यता– स्नातक (प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें)
2. आयु सीमा –दिनॉक 21.12.2021 को सामा. जाति के लिये 40 वर्ष एवं अनु.जाति/अनु. जनजाति के लिये 45-वर्ष से अधिक आयु नहीं होना चाहिये।
3. सेवा – उपरोक्त संवर्ग में दिनॉक 21.12.2021 को 3 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण होनी चाहिये।

उपरोक्त शर्त/अर्हतायें पूर्ण करने वाले इच्छुक कर्मचारी आवेदन प्रमाण पत्र के साथ दिये गये प्रारूप में अपने प्रभारी के माध्यम से मं.रे.प्र. कार्यालय कार्मिक शाखा जबलपुर को भेजें। संबंधित स्टेशन प्रबंधक/डिपो, प्रभारी के यहाँ आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 15.01.2022** है। **शैक्षणिक योग्यता तथा जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न न करने पर तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।** रेलवे बोर्ड के पत्र क.–E(NG)I/2018/PM1/4 दिनांक–14.12.2018 एवं दिनांक–14.11.2019 के अनुसार प्रश्न पत्र में 100% वस्तुनिष्ठ पश्न पूछे जावेंगे जो कि बहुविकल्पीय होंगे एवं लिखित परीक्षा में गलत उत्तर पर नकारात्मक अंकन (Negative Marking) किया जायेगा।

उक्त पद सरक्षा कोटि का पद है। रेलवे बोर्ड के पत्र क्र–E(NG)I-2008/PM7/4 SLP, दिनाक–19.06.2009 के अनुसार अंतिम पेनल व्यवसायिक योग्यता और सेवा रिकार्ड के कुल अंको पर आधारित मेरिट के क्रम मे तैयार किया जायेगा तथापि उम्मीदवार को पेनल में आने के लिये व्यवसायिक योग्यता मे न्यूनतम 60% और कुल मिलाकर 60% अंक प्राप्त करने होगें इसमें उत्कृष्ट वर्गीकरण संबंधी कोई प्रावधान नही है। लिखित परीक्षा की तिथी शीघ्र ही घोषित की जायेगी। सप्लिमेंटरी परीक्षा का प्रावधान नही है।

लिखित परीक्षा का पाठयक्रम :–

1. गाडी संचालन मे गार्ड के मुख्य कर्तव्य तथा सामान्य उत्तरदायित्व ।
2. सरल तर्क आधारित कठिनाईयों को दूर करने हेतु सामान्य तर्क शक्ति अभिरुचि।
3. रेल तथा ग्राहक सेवा एवहिन्दी और अंग्रेजी का ज्ञान।
4. सामान्य तथा सहायक नियम के अनुसार गाड़ी संचालन प्रणाली ।
5. रेल संगठन तथा उसके सामान्य संचालन संबंधी सूचना ।
6. सामान्य ज्ञान जिसमे 50% रेलवे से संबधित तथा 50% अन्य सामान्य एवं वर्तमान विषय।

नोट :–1. स्टेशन मास्टर/डिपो प्रभारी कृपया सुनिश्चित करें कि किसी भी कारणवश आवेदन पत्र इस कार्यालय भेजने में विलम्ब उनके द्वारा न किया जावे तथा आवेदन मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) कार्यालय मे मुख्य कार्या.अधी. वाणिज्य/यातायात को दिनॉक 21.01.2022 तक सुनिश्चित तौर पर व्यक्तिगत रूप से भेजे जाये तथा संबधित सुपरवाइजर यह भी प्रविष्टि करे कि इसके अलावा उसके पास कोई आवेदन शेष नही है। साथ ही आवेदन पत्र भेजने के पूर्व शैक्षणिक योग्यता एवं जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न होने की पुष्टि करें आपके द्वारा यह भी सत्यापित किया जावे कि कर्मचारी अधिसूचना में दी गई सभी शर्तें पूर्ण करता है तभी आवेदन एक बंच में सूची सहित अग्रेषित किये जावें ।

2. अधिसूचना को कार्मिक विभाग की फेसबुक आईडी www.facebook.com/personnel jbpdiv में भी देखा जा सकता है।

संलग्नः– आवेदन का प्रारूप

(रोहित नेगा )
कृते मं.रे.प्र.(का)जबलपुर

प्रतिः– उप महाप्रबंधक (सतर्कता) प.म.रे जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रतिः– मुख्य परि.प्रबं/मु.का.अधि.(परि)प.म.रे जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रतिः– वरि.मं.परि.प्रबं./वरि.मं.वा.प्रबं. वरि.मं.सं.अधिकारी जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रतिः– क्षेत्रीय प्रबंधक नकज सतना को सूचनार्थ ।
प्रतिः– मु.कार्या.अधी.(का) ट्रैफिक/वाणिज्य जबलपुर प्राप्त आवेदन में क्रमांक 1 से 11 तक की प्रविष्टि की जॉच करके यह सुनिश्चित कर लेवे कि कर्मचारी के स्नातक शैक्षणिक योग्यता, जाति इत्यादि की प्रविष्टि सेवा पंजी में है अथवा नहीं और यदि प्रविष्टि नहीं है तो नियमानुसार सत्यापन कर सेवापंजी में दर्ज कराना सुनिश्चित करें तत्पश्चात ही आवेदनो को सत्यापित कर सूची के साथ दिनांक 10.02.2022 तक मु.कार्या.अधी.(का) याता रनिंग जबलपुर को सुनिश्चित तौर पर सौपें ।
प्रतिः– मु.का.अधी.(का) वाणिज्य कृपया आवेदन पत्रो को अग्रेषित करने के पूर्व शाखा अधिकारी का अनुमोदन अवश्य लेवे।
प्रतिः– मु.का.अधी.(का)गोप. मं.रे.प्र. कार्या.जबलपुर को सूचनार्थ ।
प्रतिः– मुख्य परि.नियंत्रक, मुख्य नियंत्रक जबल.को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावे।
प्रतिः– मंडल सचिव वे.से.रे.म.स/वे.सें.रे.ई.यू./एस.सी/एसए.टी ओबीसी एसो जबलपुर को सूचनार्थ।

कृते मं.रे.प्र.(का)जबलपुर

## 15% LDCE कोटा आवेदन पत्र का प्रारुप

15% LDCE कोटे के अंतर्गत गुडस गार्ड वे.मान 5200–20200+2800जीपी (लेवल–5) के पद हेतु आवेदन पत्र, ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर्मचारी का नाम | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | पदनाम | |
| 4. | पी एफ नं. | |
| 5 | स्टेशन | |
| 6 | एचआरएमएस आईडी | |
| 7 | वेतनमान / वेतन दर / जी.पी. | |
| 8 | वर्तमान वेतनमान में पदोन्नति की तिथि | |
| 9 | भर्ती की तारीख | |
| 10 | जन्म तारीख | |
| 11 | शैक्षणिक योग्यता (स्नातक या उच्च शिक्षा पास) शिक्षा का प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें । | |
| 12 | अ.जा / अ.ज.जा (जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलगन करें ) | |

**घोषणा :– मैं घोषणा करता हूँ कि**

1. मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दिया गया विवरण सत्य है तथा इसके गलत पाये जाने पर मेरे विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।
2. मैं पात्रता की सभी निर्धारित शर्ते पूर्ण करता हूँ यदि किसी स्टेज पर यह पाया जाता है कि मे अयोग्य हूँ तो मेरा चयन रदद माना जायेगा ।
3. मैं घोषणा करता हूँ कि गुडस गार्ड के पद पर अंतिम चयन हो जाने के पश्चात /फाईनल पैनल पर आने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में गुडस गार्ड के पद हेतु रिफ्यूजल नही दूँगा अन्यथा मेरे विरुद्ध डी.ए.आर के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांक

कर्मचारी के हस्ताक्षर
पदनाम
विभाग

---

**पश्चिम मध्य रेल** कार्यालय
पत्र क्र. दिनाक

**मंडल रेल प्रबंधक (का) जबलपुर** को उनके पत्र क्र. म.रे.प्र. कार्यालय के पत्र क्र. पमरे / जबल / का / 209 / 15 / ट्रे.रनिंग / 15% LDCE कोटा / गुडस गार्ड दि. 21.12.2021 के सदर्भ मे कर्म.का उपरोक्त विवरण सत्यापन कर तथा शैक्षणिक योग्यता / जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न कर दी गई हैं। प्रमाणित किया जाता है कि रिकार्ड के अनुसार कर्म. द्वारा दिया गया उपरोक्त विवरण सही है एवं कर्म.अधिसूचना में दी गई सभी शर्ते पूर्ण करता है तथा वह इस पद हेतु पात्रता रखता है।

**डिपो प्रभारी के हस्ताक्षर एवं सील**